# प्रेस नोट जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक 21.09.2025

- **थाना छपार पुलिस द्वारा टोल  प्लाजा डिप्टी मैनेजर की हत्या के अभियोग में वांछित 01 हत्याभियुक्त को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 20/21.09.2025 की रात्रि में थाना छपार पर नियुक्त उ0नि0 श्री राहुल कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 258/25 धारा 191(2),190,140(1),351(3),352,115(2),333,131 बीएनएस में वांछित अभियुक्त राजन पुत्र सौराज निवासी ग्राम धनौरा सिल्वर नगर थाना बिनौली जनपद बागपत को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 स्विफ्ट कार नम्बर डीएल 01 सीएडी 4171(घटना में प्रयुक्त) व 01 तमंचा मय 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एंव बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छपार पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा सर्राफा व्यवसायी के साथ हुई लूट/छिनैती के अभियोग में वांछित व 20 हजार रूप्ये के इनामी अभियुक्त को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया घायल/गिरफ्तार–**

  दिनांक 21.09.2025 को प्र0नि0 श्री सुभाष बाबू अत्री थाना बुढ़ाना मय हमराहीगण द्वारा 381/25 धारा 309(4) बीएनएस में वांछित व 20 हजार रूप्ये के इनामी अभियुक्त सादाब पुत्र महफूज निवासी ग्राम मंदवाडा थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में विज्ञाना जाने वाले रास्ते पर पापुलर के बाग के पास ईख के खेत से गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 01 पाजेब, 01 गले का पैंडल व 08 बिछुए(सभी सफेद धातु के) व 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एंव बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार**–
  दिनांक 21.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री गुलाब तिवारी मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1619/09/22 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त विनोद पुत्र मनफूल निवासी ग्राम दिनकरपुर हाल निवासी मौ0 रामपुरी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार**–
  दिनांक 21.09.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री तेजवीर सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अभियुक्त चाहत पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम खिरवा नौआबाद उर्फ नयागांव थाना सरधना जनपद मेरठ को गणेश विहार के सामने वाली गली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 358/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तगण अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार**–
  दिनांक 21.09.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री आरिफ अली मय हमराहीगण द्वारा 02 शातिर अभियुक्तगण 1. प्रियांशु त्यागी पुत्र रजनीश त्यागी निवासी ग्राम सीकरी कलां थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद व 2. मुकुल पुत्र सुशील निवासी कृष्णानगर अपोजिट स्टील फैक्ट्री नियर बाबा जिम थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद को रजवाहे के तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 पिस्टल व 02 मैगजीन बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 359/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार**–
  दिनांक 21.09.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजीव सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 3000/17 धारा 2/3 सार्वजनिक सम्पत्ति अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त धीरज त्यागी पुत्र सगवा निवासी ग्राम फलौदा थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार**–
  दिनांक 21.09.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 4232/21 धारा 147,148,504,506,323 भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण 1. नूरदीन पुत्र समयदीन 2. साजिद पुत्र नूरदीन व 3. राशिद पुत्र नूरदीन निवासीगण ग्राम तावली थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मस्कनों से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना रामराज पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार**–
  दिनांक 21.09.2025 को थाना रामराज पर नियुक्त उ0नि0 श्री हर्षित शर्मा मय हमराहीगण द्वारा 1. वाद संख्या 1234/9/17 धारा 323,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त कंवरपाल पुत्र शरणजीत निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना रामराज, मुजफ्फरनगर 2. वाद संख्या 1478/9/18 धारा 323,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्ता श्रीमति चन्द्रवती पत्नी बुद्ध प्रकाश निवासी ग्राम स्याली थाना रामराज, मुजफ्फरनगर व 3. वाद संख्या 1874/9/18 धारा 279,338,304ए भादवि में वारण्टी अभियुक्त विजय पुत्र कालू उर्फ नरेश निवासी ग्राम समाना उर्फ रामराज थाना रामराज, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मस्कनों से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार**–
  दिनांक 21.09.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामवीर सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 16001/9/22 धारा 380,411 भादवि में वारण्टी अभियुक्त मौ0 शावेज पुत्र मौ0 खुर्शीद निवासी सुभाषनगर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 21.09.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री विकास सिंघल मय हमराहीगण द्वारा 1. वाद संख्या 122/18 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट में वारण्टी अभियुक्त आबिद पुत्र जीमल निवासी जामियानगर थाना खालापार, मुजफ्फरनगर 2. वाद संख्या 1492/24 धारा 138(1) विधुत अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त रवि उर्फ टिंकू पुत्र बरनजीत उर्फ चरणजीत निवासी वहलना थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मस्कनों से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना जानसठ पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 21.09.2025 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2415/24 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त मारूफ उर्फ मोटा हगडू पुत्र अहसान निवासी ग्राम पिमौडा थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 21.09.2025 को थाना मंसूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री अमित चौधरी मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 6377/16/9 धारा 4/25 आयुध अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त नीरज उर्फ निक्कू पुत्र सुखदत्त त्यागी निवासी ग्राम रई थाना छपार हाल पता ग्राम मोरकुक्का थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।